# रीवा संभाग में अब तक 458080 मीट्रिक टन हुई गेहूं की खरीद

## संभाग के अन्नदाताओं को किया गया 368 करोड़ रुपए का भुगतान, 334 खरीदी केन्द्रों में चल रहा उपार्जन



नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 मई, रीवा संभाग में 15 मई तक 90619 किसानों से 458080 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई है. उपार्जित गेंहू का किसानों के बैंक खाते में लगातार भुगतान किया जा रहा है. अब तक संभाग के अन्नदाताओं को 368 करोड़ रुपए की राशि उनके बैंक खाते में जारी कर दी गई है.**

संभाग में 334 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है. उपार्जन के लिए अब तक 119089 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं. रीवा जिले में 79 खरीदी केन्द्रों में 27293 किसानों से 123362 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया है. किसानों को अब तक 131 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है. सतना जिले में 95 खरीदी केन्द्रों में 33264 किसानों से 203974 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया है. किसानों को 158 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है. सीधी जिले में 44 खरीदी केन्द्रों में 6962 किसानों से 24332 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया तथा किसानों को 13 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है. इसी तरह सिंगरौली जिले में 48 खरीदी केन्द्रों में 6626 किसानों से 19960 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद की गई है.

किसानों को 9 करोड़ रुपए का भुगतान दिया जा चुका है. मऊगंज जिले में 26 खरीदी केन्द्रों में 3915 किसानों से 16559 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया है तथा 8 करोड़ रुपए किसानों को भुगतान किया गया है. मैहर जिले में 42 खरीदी केन्द्रों में 12559 किसानों से 69792 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया है. किसानों को 49 करोड़ रुपए गेंहू का भुगतान किया गया है. उपार्जित गेंहू में से 54 प्रतिशत का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण करा दिया गया है. गेंहू उपार्जन के लिए पंजीकृत किसान 23 मई तक स्लॉट बुक कर सकते हैं.

### रीवा में 131 करोड़ का भुगतान किसानों को

किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य 2625 रुपए प्रति क्विंटल की दर से पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है. अब तक 27293 किसानों से 123362 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया है. इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि गेंहू उपार्जन के लिए अब तक 35213 किसानों ने स्लॉट बुक किए हैं. उपार्जित गेंहू में से 74704 मीट्रिक टन का परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण करा दिया गया है. किसानों के खाते में अब तक 131 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है. जिले में 79 खरीदी केन्द्रों में गेंहू का उपार्जन किया जा रहा है. सभी किसान उपार्जन के लिए अपनी सुविधा के अनुसार 23 मई तक स्लॉट बुक कर सकते हैं. उपार्जन के लिए साफ-सुथरा और गुणवत्तापूर्ण गेंहू उपलब्ध कराएं.

# एसटीपी के पुन: भूमि पूजन पर उठे सवाल महापौर ने आयुक्त से मांगी रिपोर्ट

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 मई, नगर निगम रीवा के वार्ड क्रमांक 06 स्थित 12.5 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के पुनः भूमि पूजन को लेकर अब सवाल खड़े होने लगे हैं. एक ही परियोजना का बार-बार भूमि पूजन और लोकार्पण किए जाने को लेकर रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा ने सवाल उठाते हुए सरकार पर निशाना साधा है. साथ ही आयुक्त को पत्र लिखकर 7 दिन के अंदर रिपोर्ट तलब की है.**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा निर्मित इस एसओपी परियोजना का प्रथम भूमि पूजन वर्ष 2013 में किया गया था. इसके बाद निर्माण पूर्ण होने पर वर्ष 2016 में लोकार्पण भी हो चुका है. तत्कालीन रीवा विधायक एवं वर्तमान उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला द्वारा इसका लोकार्पण भी किया जा चुका है. ऐसे में पहले से निर्मित एवं लोकार्पित परियोजना के लिए पुनः भूमिपूजन कार्यक्रम प्रस्तावित किए जाने का औचित्य ही क्या है. निगम आयुक्त को लिखे पत्र में महापौर ने सवाल उठाते हुए कहा कि संबंधित ठेकेदार के अनुबंध में केवल एसटीपी की कमिशनिंग का प्रावधान है, किसी नए निर्माण कार्य का उल्लेख नहीं है. वहीं नगर निगम की वर्तमान आर्थिक स्थिति को देखते हुए बिना सक्षम स्वीकृति के नए कार्य कराए जाने को भी वित्तीय अनियमितताओं के विपरीत बताया जा रहा है. प्रारंभिक योजना में यह परियोजना वार्ड क्रमांक 06 में प्रस्तावित नहीं थी, लेकिन बाद में इसका निर्माण झिरिया क्षेत्र में कराया गया, जिसे डूब क्षेत्र माना जाता है. आरोप है कि यह एसटीपी दो बार पूरी तरह जलमग्न हो चुका है तथा वर्तमान में भी सुचारु रूप से संचालित नहीं हो पा रहा है. उक्त एसटीपी आज तक पीएचईडी विभाग की संपत्ति है और इसे विधिवत नगर निगम रीवा को हस्तांतरित नहीं किया गया है. नियमों के अनुसार विभाग की जिम्मेदारी है कि परियोजना को पूर्ण रूप से चालू अवस्था में नगर निगम को सौंपा जाए. जो भी एसटीपी पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें 7 दिवस के भीतर चालू कर जनता को लाभान्वित किया जाए. साथ ही सीवरेज पाइपलाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत निर्धारित मानकों के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए.महापौर ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग से 7 दिवस के भीतर की गई कार्यवाही की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु निगम आयुक्त को पत्र लिखा है.

# सरहंगों ने दुकान में तोड़फोड़ कर परिवार को पीटा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 मई, रीवा शहर के सिटी कोतवाली थाना अन्तर्गत उपरहटी मोहल्ले में बीती रात सरहंगों ने जमकर बवाल किया.**

पहले शराब पीने के बाद दों पक्षों नें आपस में विवाद किया और बाद में एक दुकान में तोड़फोड़ करते हुये दुकान संचालक सहित उसके परिवार के साथ जमकर मारपीट की. हद तो तब हो गई जब पीडित परिवार थाने में रिपोर्ट करने के बाद वापस घर लौटे तो सरहंगो ने एक बार फिर से घर में धावा बोल दिया और दोबारा से मारपीट की घटना को अंजाम दिया. फिलहाल इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है.

घटना के संबंध में उपरहटी निवासी वामनगोपाल गुप्ता उर्फ मल्लू नें जानकारी देते हुये बताया कि बुधवार की रात मोहल्ले के ही कुछ सरहंग आपस में विवाद कर रहे थे और विवाद करते करते दुकान के सामने पहुंच गए. मारपीट के दौरान आरोपियों नें पहले दुकान में तोडफोड की फिर दुकान संचालक मल्लू गुप्ता सहित उनकी पत्नी और भतीजे के साथ लाठी डंडे व बेल्ट से पीटा. आरोप है कि सरहंगो ने थाने में रिपोर्ट करने के बाद भी घर में घुसकर उत्पात मचाया और पत्थर पटककर दुकान का शटर व घर का दरवाजा तक तोड दिया. फिलहाल इस घटना के बाद से पीडित परिवार के लोग दहशत में है.

# मनगवां में रोजगार मेला लगाया जाएगा 20 को

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 मई, जिला प्रशासन आगामी 20 मई को युवाओं के लिए एक युवा संगम यानी रोजगार, स्वरोजगार एवं और अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जा रहा है.**

मनगवां बस्ती, इलाहाबाद रोड पर स्थित श्री कृष्णा फार्मेसी कॉलेज में इस एक दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा. इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है.

इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि मेले में शामिल होने के लिए रीवा जिले के इच्छुक आवेदक 20 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं. मेले में कई कम्पनियां भाग लेगी.

## संक्षिप्त

### फायर बिग्रेड ने पाया आग पर काबू

**हनुमना,** हनुमान जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत माजन में अचानक भीषण आग लगने से समूचे गांव क्षेत्र में हाहाकार मच गया. आग का इतना भयानक मंजर था कि देखते ही देखते आज इस कदर अपने आगोश में समूचे बगीचे को लेना प्रारंभ कर दिया की लगता था कि गांव को भी अपने आगोश में ले लेगी लेकिन जनप्रतिनिधियों एवं लोगों की सूझबूझ से प्रशासन को भी अलर्ट करते हुए तत्काल फायर ब्रिगेड बुलाया गया और किसी कदर आग पर काबू पाया जा सका. उल्लेखनीय है कि मऊगंज जिले के हनुमना जनपद अंतर्गत माजन गांव के एक बगीचे में अज्ञात कारण बस लगी आग आज दोपहर में तेज हवा एवं ताप ज्यादा होने के कारण से आग तीव्र गति से फैलने लगी उसके बाद तत्काल प्रशासन को जानकारी दी गई वहीं मौके पर मऊगंज एवं हनुमना की फायर ब्रिगेड पहुंच कर आग को काबू किया सैकड़ों घर आग के लपेटे में आने से बाल बाल बच गये.

### जूनियर बेसबॉल टीम में तीन खिलाड़ियों का चयन

**रीवा,** रीवा जिले के लिए यह अत्यंत गौरव एवं हर्ष का विषय है कि पहली बार सब जूनियर बेसबॉल वर्ग में जिले के तीन खिलाड़ियों का चयन मध्य प्रदेश टीम के लिए हुआ है. यह उपलब्धि न केवल खिलाड़ियों की मेहनत और प्रतिभा को दर्शाती है, बल्कि रीवा जिले में खेल प्रतिभाओं के निरंतर विकास का भी प्रमाण है. 9 अप्रैल से 11 अप्रैल 2026 तक इंदौर में आयोजित सब जूनियर राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के लगभग 20 जिलों के खिलाड़ियों ने सहभागिता की थी. प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं प्रदर्शन का परिचय दिया. प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन कर मध्य प्रदेश की सब जूनियर बेसबॉल टीम का गठन किया गया. चयनित खिलाड़ियों में रीवा जिले से बालक वर्ग में आर्यन कोल तथा बालिका वर्ग में दीपिका पांडे एवं स्वाति पांडे का चयन सब जूनियर मध्य प्रदेश बेसबॉल टीम के लिए किया गया है. जिले के लिए यह उपलब्धि ऐतिहासिक मानी जा रही है.

### संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 25 को

**रीवा,** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में संयुक्त परामर्शदात्री समिति का बैठक 25 मई को मोहन सभागार में दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है. जिला स्तरीय बैठक में कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों से उपस्थिति की अनुरोध किया गया है.

### प्रतिदिन जूम लिंक से दिया जा रहा योग प्रशिक्षण

**रीवा,** रीवा संभाग के सभी जिलों में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाएगा. विश्व योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों के क्रम में आयुष विभाग द्वारा प्रतिदिन सुबह 8 बजे से जूम लिंक के माध्यम से योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है. इस संबंध में आयुर्वेद महाविद्यालय रीवा के डीन डॉ. दीपक कुलश्रेष्ठ ने बताया कि अधिकारियों के संभागीय ग्रुप तथा जिला ग्रुप में प्रतिदिन प्रशिक्षण के लिए जूम लिंक शेयर की जा रही है. यूट्यूब में भी प्रशिक्षण उपलब्ध है. उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से योग प्रशिक्षण में शामिल होने का अनुरोध किया है.

### जिले फॉर्मर रजिस्ट्री के लिए लगेंगे विशेष शिविर

**रीवा,** शासन के निर्देशों के अनुसार किसानों के सभी खसरा नम्बर एग्रीस्टेक पोर्टल पर दर्ज करके किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा रही है. इसके आधार पर ही किसानों को किसान सम्मान निधि का भुगतान किया जा रहा है. रीवा जिले में किसानों की फार्मर आईडी बनाने के लिए 20 मई तक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. शिविरों के आयोजन के लिए तहसीलवार स्थल और तिथियाँ निर्धारित कर दी गई हैं. इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा है कि सभी एसडीएम निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिविरों का आयोजन कराएं. शिविरों के लिए जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है. फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए 16 मई को तहसील सिरमौर में ग्राम पंचायत गहनौआ, खैरहन, बेलवा सुरसरी, पटेहरा, बरहा, कटकी, दुबगवां, खैर, दादर, क्योटी, कोलहाई, सरई, लालगांव, सदहना तथा कररिया में शिविर लगेंगे. तहसील त्योंथर में रेही, बौना, गढ़ी, रिसदा, मलपार, कोनियाखुर्द, कोटराखुर्द, चिल्ला, बड़ागांव, सहलोलवा, अतरैला, सोहागी, चुनरी, अमाव, बराखुर्द, कोनीखुर्द, बसहट, बजरा, रेरूआ, गाड़रपुरवा में शिविर लगेंगे.




कलेक्टर मऊगंज शहर के नए और पुराने बस स्टैण्ड का निरीक्षण करते हुए

# बस स्टैण्ड से हटेगा अतिक्रमण और गिराए जाएंगे जर्जर भवन

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 15 मई, कलेक्टर संजय कुमार जैन ने शहर के पुराने एवं नए बस स्टैंड का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं एवं साफ-सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया.**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने बस स्टैंड परिसर में स्वच्छता, यात्री प्रतीक्षालय, सार्वजनिक शौचालय तथा पेयजल व्यवस्था का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. पुराने बस स्टैंड के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दुकानदारों को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि अपनी दुकानों के आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखें. कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में गंदगी पाई गई, तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी. कलेक्टर ने कहा कि बस स्टैंड सार्वजनिक स्थल है, इसलिए यहां स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है. नए बस स्टैंड में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने नया यात्री प्रतीक्षालय बनाए और उसमें पर्याप्त बैठने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक शौचालयों को व्यवस्थित एवं साफ रखने के निर्देश दिए. उन्होंने अधिकारियों को बस स्टैंड परिसर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा. साथ ही जर्जर भवनों को चिन्हित कर उन्हें सुरक्षित तरीके से हटाने के निर्देश भी दिए. कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि बस स्टैंडों पर यात्रियों को मूलभूत सुविधाएं प्राथमिकता से उपलब्ध करायें. उन्होंने नियमित निरीक्षण एवं निगरानी के माध्यम से व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए. इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन टाउन हॉल का भी निरीक्षण किया और संबंधित एजेंसी को निर्देशित किया कि समय में कार्य पूरा करें. निरीक्षण के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल,एडिशनल एसपी विक्रम सिंह मौजूद रहे.

# विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन की पानी की टंकी में मिली छिपकली

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 मई, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय एक बार फिर अव्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में है.**

हाल ही में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 'जल संरक्षण', 'जल लाइब्रेरी' निर्माण एवं गांव गोद लेकर पर्यावरण और जल प्रबंधन को बेहतर बनाने जैसी घोषणाएं की गई थीं, लेकिन अब विश्वविद्यालय परिसर से सामने आई एक घटना ने इन दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं.जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में स्थित पेयजल टंकी में छिपकली पाए जाने की सूचना मिलने पर छात्र नेता अमन सिंह बघेल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान टंकी के भीतर छिपकली दिखाई देने पर वहां मौजूद छात्र-छात्राओं में नाराज़गी देखने को मिली. बताया जा रहा है कि अमन सिंह बघेल के साथ मौजूद उनके एक साथी छात्र की अचानक तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद वहां की पेयजल व्यवस्था को गंभीरता से देखा गया. जांच करने पर पानी की टंकी के भीतर छिपकली दिखाई दी. इतना ही नहीं, निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि पानी की टंकी अत्यंत जर्जर एवं अस्वच्छ स्थिति में थी तथा उसमें लंबे समय से सफाई न होने के स्पष्ट संकेत दिखाई दे रहे थे. टंकी के भीतर गंदगी और बदहाल रखरखाव को देखकर छात्रों में भारी आक्रोश फैल गया और विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे. गौरतलब है कि प्रशासनिक भवन वह स्थान है जहां प्रतिदिन सैकड़ों छात्र अपने शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए पहुंचते हैं और वहीं उपलब्ध पेयजल का उपयोग करते हैं. सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि उक्त छिपकली कब से टंकी में थी और तब तक कितने छात्र वह पानी पी चुके होंगे. कार्यवाही की मांग की गई है.

# फॉर्मर रजिस्ट्री के लिए आज लगेंगे कई गांवों में विशेष शिविर

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 15 मई, मऊगंज जिले में फार्मर रजिस्ट्री सैचुरेशन की कार्यवाही को पूर्ण करने के लिए 20 मई तक ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है.**

ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री से लिंक भूमि के अनुपात में ही फसलों के आधार पर उर्वरक प्रदाय किया जाना है. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने कहा है कि किसानों की शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री और बकेट क्लेमिंग कार्य के लिए जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर 20 मई के बीच विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए 16 मई को हनुमना तहसील में सलैया, भुनहाई, प्रतापगंज, गाढ़ा, दादर, जडकुड, अतरैला, घरभरा, बेलौही कला तथा हनुमना में फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए शिविर लगेगे.




# पेट्रोल-डीजल और दूध के बढ़े दामों के विरोध में महिला कांग्रेस का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 मई, आधी रात को भारतीय जनता पार्टी केंद्र की सरकार ने पेट्रोल में 03, डीजल में 03, सीएनजी में 02 और दूध 02 में दो रूपये की बढ़ोतरी करते हुए फिर से एक बार जनता के जेब पर डाका डालने का काम किया है.**

जिसको लेकर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के मार्गदर्शन में प्रदेश महासचिव शहर अध्यक्ष तारा त्रिपाठी जिला अध्यक्ष सीमा सिंह जरहा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया. प्रदर्शन करते हुए महिलाओं ने मोदी सरकार हाय-हाय बढ़े हुए दाम वापस लो के नारे लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया. बढ़ती हुई महंगाई को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस की प्रदेश महासचिव कविता पांडे ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा कई बार जनता के जेब पर डाका डालने का काम किया है आज की जो जरूरत है सबसे महत्वपूर्ण चीज है दूध के भी दाम बढ़ा दिए गए हैं.

पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ा दिए गए हैं यहां तक के सीएनजी के दाम में भी वृद्धि की गई है जिसका हम लोग पुरजोर विरोध प्रदर्शन करेंगे. प्रदर्शन में प्रभा सोहगौरा नीलू पांडे संगीता तिवारी सोनिया जायसवाल डॉक्टर प्रतिभा सिंह राज सैनी प्रतिभा मिश्रा सुनीता सिंह अलीशा रितु सिंह प्रतिभा मिश्रा संध्या पांडे श्याम काली साकेत देवती साकेत सहित सैकडो महिलाएं उपस्थित रही.

### उप मुख्यमंत्री ने बास्केटबॉल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

**रीवा, 15 मई,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने ऋतुराज पार्क में आयोजित चार दिवसीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया. प्रतियोगिता का आयोजन जिला बास्केटबाल संघ द्वारा किया जा रहा है, जिसमें बालक और बालिका वर्ग में 10 टीमें भाग ले रही हैं. इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल हमें जीवन में अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की सीख देते हैं. खेलों में नियमित रूप से भाग लेने से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं. खेल ही ऐसा क्षेत्र है जिसमें हारने वाला खिलाड़ी भी जीतने वाले को दौड़कर बधाई देता है. रीवा में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स तथा आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण से खेलों को बढ़ावा मिल रहा है. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋतुराज पार्क बास्केटबाल मैदान में सिंथेटिक टर्फ लगाने के लिए हर संभव सहायता दी जाएगी. समारोह में सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व फुटबालर अमीर उल्ला खान, रामकुमार प्रधान, सतीश सिंह, पुष्पराज मिश्रा आदि मौजूद रहे.

# सुंदर, स्वच्छ व स्वस्थ रीवा बनाने के लिए सभी कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं : शुक्ल



नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 मई, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि किसी भी शहर आदर्श शहर बनाने के लिये आवश्यक है कि हर घर में स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध हो तथा घर के कचरे व गंदे पानी का निष्पादन किया जाय. रीवा को सुंदर, स्वच्छ व स्वस्थ शहर बनाने के सभी कार्य प्राथमिकता से कराये जा रहे हैं.**

रीवा के हर घर में मीठा पानी पहुंचाना व घर से निकलने वाले गंदे पानी का निष्पादन करके रीवा आदर्श शहर के मानक को पूरा करेगा. उप मुख्यमंत्री ने रीवा शहर के विकास और स्वच्छता को नई दिशा देने के उद्देश्य से तीन एसटीपी का लोकार्पण किया तथा जयंती कुंज के एसटीपी के जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन किया. उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में जब रीवा छोटा शहर था तब यहाँ की आधी आबादी को खारा पानी मिलता था. रीवा शहर में भूमिगत नालियाँ नही थी. मगर प्रधानमंत्री जी के संकल्प व मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में रीवा में हर घर को मीठा पानी दिलाने के लिये 12 टंकियाँ बन रही हैं. भूमिगत नालियाँ बनाई गई हैं तथा घरों से निकलने वाले गंदे पानी को सीवरेज प्लांट तक ले जाकर साफ करने का कार्य कराया जा रहा है. रीवा शहर के आगामी 35 वर्ष के विस्तार व आबादी के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर कार्य किये जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि बाबाघाट, विवेकानंद एवं बिछिया के एसटीपी के बन जाने से लगभग 25 हजार घरों का गंदा पानी साफ होगा. जयंती कुंज में पूर्व में निर्मित एसटीपी जो बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था उसे भी सुधारा जायेगा. शीघ्र ही एजी कालेज के समीप निर्माणाधीन एसटीपी का भी लोकार्पण होगा और संपूर्ण रीवा शहर के घरों का गंदा पानी स्वच्छ होगा तथा रीवा गंदगी मुक्त साफ शहर होगा. साथ ही बीहर नदी भी साफ व स्वच्छ होगी.

इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि बीहर नदी में गिरने वाले नालों का पानी अब साफ होकर नदी में जायेगा जिससे नदी साफ होगी व घरों का गंदा पानी भी नहीं बहेगा. जिनका आज उप मुख्यमंत्री जी ने लोकार्पण किया. एसटीपी के बन जाने से नदी में गंदा पानी नहीं जायेगा और नदी साफ रहेगी. कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, कमिश्नर नगर निगम अक्षत जैन, पार्षदगण मौजूद रहे.